पर्यटन नीति 2025



TOURISM POLICY 2025

पर्यटन नीति 2025

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश

क्रमांक-91/मु.मं.प्रे.प्र./25
भोपाल, दिनांक :- 22-02-2025

संदेश

मध्य प्रदेश, जिसे "अतुल्य भारत का हृदय" कहा जाता है, सांस्कृतिक विरासत, विविध वन्य जीवन, पवित्र धार्मिक स्थलों से समृद्ध है, और सिनेमा पर्यटन में इसकी प्रमुख उपस्थिति है। प्रदेश परंपरा और आधुनिकता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पेश करता है।

प्रदेश में निजी निवेश को आकर्षित करने के दृष्टि से हमने निवेशक मित्र "पर्यटन नीति : 2025" लागू की है। यह नीति न केवल समग्र अनुभव को समृद्ध करेगा बल्कि मध्य प्रदेश में निजी निवेश को बढ़ावा देने में भी योगदान देगा।

मैं हमारे सम्मानित निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों से आग्रह करता हूं कि वे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनें। आइए, हम मिलकर मध्यप्रदेश को वैश्विक पर्यटन की अग्रणी राजधानी बनाएं, जहां विरासत और नवाचार का संगम हो, जहां आध्यात्मिकता आधुनिकता से मिले और जहां निवेश विकास का माध्यम बने। हम सभी मिलकर मध्यप्रदेश को विश्व पर्यटन केंद्र बनाएंगे।

शुभकामनाएं।

(डॉ. मोहन यादव)

6, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462 002

धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास, धर्मस्व विभाग
मध्यप्रदेश शासन

सन्देश

मध्य प्रदेश को एक संपूर्ण पर्यटन अनुभव प्रदान करने वाले गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए, राज्य सरकार ने निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए निवेश मित्र "पर्यटन नीति – 2025" लागू की गई है।

पर्यटन नीति में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए निवेशक सहायता एवं Ease of doing business की अवधारणा को शामिल किया गया है | पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये single window system के माध्यम से समस्त अनुमतियाँ समय सीमा में प्रदान की जाएँगी |

निवेशकों को भूमि एवं हेरिटेज परिसंपत्ति 90 साल की लीज पर पारदर्शी प्रक्रिया से उपलब्ध करायी जाएगी है । भूमि एवं हेरिटेज परिसंपत्तियों के आरक्षित मूल्य निश्चित (Fixed) किया गया है। भूमि को मोर्टगेज रखने की अनुमति तथा स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क से छूट दी गई है।

पर्यटन परियोजनाओं पर किए गए स्थायी पूंजी निवेश का 15% से 30% अनुदान के रूप में प्रदान किया जायेगा । दूरस्थ एवं नवीन क्षेत्रों में परियोजना स्थापित करने पर, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को तथा इलेक्ट्रिक क्रूज को प्रोत्साहित करने हेतु मान्य परियोजना व्यय पर 5% का अतिरिक्त पूंजीगत अनुदान प्रदान किया जायेगा। स्टार्टअप उद्धमियों को भी निविदाओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा |

अब, निवेश अनुकूल नीतियों और एक प्रभावी कार्यान्वयन तंत्र के साथ मध्य प्रदेश में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य बनने की क्षमता है।

आइए, हम सब मिलकर इसे विश्व पर्यटन का केंद्र बनाएं।

शुभकामनायें !

(धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी)

India, the fastest growing large economy in the world, has embarked upon a journey to become Atmanirbhar and Viksit Bharat. Madhya Pradesh, one of the fastest growing States, has become the preferred destination for investment. The State offers "infinite possibilities" powered by abundant resources, state of the art infrastructure, an integrated holistic approach and forward-thinking leadership. These coupled with central location, excellent industrial labour relations, all assimilating culture position Madhya Pradesh as a key driver of comprehensive economic growth.

The State has formulated 18 new policies after thorough collaborative consultation with the stakeholders. While these policies provide financial incentives at par with the best provided by any other State, yet the focus is to provide seamless investment climate, exemplary Ease of Doing Business and reduction of compliance burden. State has already put in place mechanisms to streamline approvals, with faceless interface and time-bound clearances. Madhya Pradesh initiated the concept of the Public Service Delivery Guarantee Act and is committed to ensure that all approvals are notified under this Act. Providing plug and play infrastructure for industries is another important corner stone of the policies.

Madhya Pradesh Tourism Policy 2025, aims to mark the state as one of the most preferred tourism destination on the Global map. The policy promotes balanced, sustainable and integrated development to showcase the unparalleled rich and varied tourism potential. The state has the distinction of being the "Tiger State", highest number of National Parks and Biosphere Reserves in the country and the Only "Cheetah State" in whole of the subcontinent. The state is also blessed with Religious sites like two Jyotirlingas (Mahakaleshwar and Omkareshwar), three Shaktipeeths, abodes of Lord Ram like Chitakoot & Orchha, a world renowned Buddhist religious site at Sanchi. Holy Narmada flows through the heart of the state making picturesque Bhedaghat and serene islands. The state also has highest number of UNESCO World Heritage Sites in any state.

The policy aims to create world class tourism infrastructure with a variety of experiences on the offering for the tourists. The main thrust of the policy is to create an enabling environment for the investors through path breaking EoDB initiatives like bringing down the number of permissions to start a hotel facility from 30 to only 10. The policy framework covers 16 kinds of tourism projects with attractive financial incentives. The state is opening its doors for investment in cruise tourism, glamping, ropeways, museums, golf courses, hotels and resorts etc. through attractive Public Private Partnership models. All this and much more is on the offer through a dedicated investment cell in MP Tourism Board which is committed to hand hold investors in their journey right from planning till execution and beyond. I am sure if you come here as "Investor" you will remain here forever as our "Friend".

Hallmark of the Madhya Pradesh has been consistent, stable but yet nimble policy frame work coupled with pro-active and transparent governance for sustained growth. Opportunity like never before beckons all prospective investors to come and create lasting partnership for their own prosperity and growth of Madhya Pradesh. We welcome you to come and join the growth story of Viksit Madhya Pradesh.

(Anurag Jain)
Chief Secretary
Madhya Pradesh

(मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ TD/2/0002/2025/तैंतीस दिनांक 18/02/2025 द्वारा जारी)

अनुक्रमणिका

क्र.	विवरण	पृ.क्र.
1	दृष्टि वक्तव्य	01
2	सिद्धांत	01
3	रणनीति	01
4	मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड /मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम	03
5	पर्यटन परियोजनायें	04
6	पर्यटन परियोजनाओं हेतु अनुदान	05
7	वीक एण्ड टूरिज्म को बढ़ावा देना	12
8	पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में छूट	13
9	निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों का आवंटन	13
10	ईको तथा साहसिक पर्यटन	15
11	फिल्म टूरिज्म	16
12	राज्य पर्यटन संवर्धन परिषद/जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की स्थापना	17
13	जल पर्यटन	17
14	सम्पोषणीय पर्यटन	18
15	युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/ कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण	18
16	निवेशक सहायता	19
17	Ease of doing Business	19
18	मार्ग सुविधा केन्द्रों का विकास	19
19	पर्यटन को उद्योग के समान सुविधाएं	20
20	समग्र पर्यटन विकास हेतु विशेष प्रयास	20
21	पर्यटन नीति का क्रियान्वयन	21
22	निरसन	22

पर्यटन नीति - 2025

1. दृष्टि वक्तव्य (Vision Statement) -

''संतुलित एवं समेकित पर्यटन की ऐसी अभिवृद्धि जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास संभव हो, रोजगार के अवसरों का सृजन हो तथा मध्यप्रदेश समग्र पर्यटन अनुभव प्रदान करने वाला गन्तव्य बन सके'' ।

2. सिद्धांत -

नीति के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यवाही बिन्दु (Points of Action) मुख्यतः निम्न सिद्धांतों (Principles) पर आधारित हैं -

2.1 ऐसी संस्थागत व्यवस्था स्थापित करना, जिससे शासन द्वारा निर्धारित दिशा में निजी निवेश प्रोत्साहित हो।

2.2 समेकित पर्यटन (sustainable tourism) के लिये प्रभावी नियामक प्रक्रिया की स्थापना हो ।

2.3 पर्यटक स्वागत, सूचना, सुविधा, सुरक्षा, संरचना तथा सफाई के लिये सभी उपाय किये जायें।

2.4 धरोहरों का संरक्षण एवं पर्यटन में उपयोग किया जाये ।

2.5 ईको पर्यटन (Eco Tourism) आम-जन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करने का कारक बने।

2.6 शासकीय विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, समुदाय तथा पर्यटन उद्योग के हितधारी पक्षों के मध्य समन्वित सक्रिय भागीदारी स्थापित हो।

2.7 पर्यटन क्षेत्र में पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप पर आधारित पर्यटक परियोजनाओं का समुचित विकास हो ।

2.8 **नीति प्रभावशीलता अवधि-** संशोधन उपरांत नीति की प्रभावशीलता नीति जारी होने के दिनांक से प्रथमतः पॉच वर्ष की अवधि तक रहेगी तथा इस अवधि में प्रारंभ/स्थापित (उत्पादन प्रारंभ/विस्तार) पर्यटन परियोजनाओं को इस नीति के प्रावधानों के अनुसार लाभ/ छूट/ रियायतें प्राप्त करने की पात्रता होगी । यथा आवश्यकता प्रभावशीलता में शासन द्वारा आवश्यक वृद्धि की जा सकेगी ।

3. रणनीति -

उपर्युक्त सिध्दांतों तथा पर्यटन दृष्टि-वक्तव्य के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये रणनीति (Strategy) निम्नानुसार होगी -

3.1 निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये स्पष्ट, पारदर्शी तथा मानक प्रक्रिया को स्थापित किया जायेगा ।

3.2 गन्तव्य के विपणन के लिये अपेक्षित अनुसंधान तथा डाटा-बेस तैयार किया जायेगा ।

3.3 पर्यटन के क्षेत्र में प्रमाणिक सांख्यिकीय डाटा-बेस तैयार करने तथा पर्यटकों से फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थागत सुधार की दृष्टि से युक्तियुक्त प्रणाली विकसित की जायेगी ।

3.4 अधोसंरचना यथा सड़क, पेयजल, ऊर्जा, स्वच्छता, परिवहन तथा ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन का निरंतर संधारण तथा प्रोन्नयन किया जायेगा ।

3.5 स्थानीय निकायों को पर्यटन के प्रति संवेदशील बनाकर उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी ।

3.6 मेले, स्थानीय व्यंजन/खानपान, संस्कृति, लोक संगीत, नृत्य, वेशभूषा, उत्पाद, कला, हस्तकला तथा विरासत के प्रदर्शन एवं मार्केटिंग के लिये ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित किया जायेगा । इन गतिविधियों के लिए पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों को प्रेरित किया जाएगा ।

3.7 ईको पर्यटन के गन्तव्यों में प्राकृतिक संसाधनों एवं सौन्दर्य की सुरक्षा तथा संरक्षण का सर्वोपरि ध्यान रखा जायेगा।

3.8 आध्यात्मिक पर्यटन के लिये चिन्हित स्थानों के विकास की समग्र योजना तैयार की जायेगी ।

3.9 वृहद जलाशयों पर पर्यटन सुविधाओं का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जायेगा।

3.10 पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के विभिन्न शहरों को सड़क मार्ग (बस सेवा) तथा वायु सेवा से जोड़ने हेतु प्रभावी उपाय किये जायेंगे एवं निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.11 स्थानीय प्रशासन के सहयोग तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण से साहसिक पर्यटन के लिये आवश्यक व्यवस्थायें स्थापित की जायेंगी ।

3.12 पर्यटन उद्योग के सभी क्षेत्रों में नियोजित मानव संसाधन का ऐसा प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जायेगा ताकि प्रदेश की पर्यटन अनुकूल (Tourism friendly) छवि बन सके एवं युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

3.13 निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये उपयुक्त स्थल चयन कर लैण्ड बैंक को (Land Bank) निरंतर बढ़ाया जायेगा।

3.14 प्रदेश में पर्यटकों को पर्याप्त एव स्तरीय आवास सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य से स्टैण्डर्ड (Standard) एवं डीलक्स (Deluxe) श्रेणी के होटलों की निजी निवेश से स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

3.15 शासन के अन्य सुसंगत विभागों की कार्य योजना में "पर्यटन योजना" को सम्मिलित करने का प्रयास किया जायेगा ।

3.16 निजी निवेश से हेरिटेज होटल की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये अनुदान/ रियायतें दी जायेंगी ।

3.17 MICE (Meetings, Incentives, Conferences, Exhibitions) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में निजी निवेश से कन्वेंशन सेंटर स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.18 प्रदेश में होटल रिसॉर्ट सहित विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु अनुदान/ रियायतें उपलब्ध करायी जायेंगी ।

3.19 विशेष महत्व के एवं उपयुक्त नवीन पर्यटन गन्तव्यों का विकास किया जायेगा तथा दूरस्थ एवं दुर्गम स्थलों पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु विशेष छूट एवं सुविधायें दी जायेंगी ।

3.20 मेडिकल टूरिज्म, डेस्टीनेशन वेडिंग टूरिज्म एवं ग्रामीण /कृषि /ईको टूरिज्म को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

3.21 पर्यटन विभाग के दूरस्थ लैंड बैंकों एवं अधोसंरचनाविहीन भूमियों, वाटर बॉडीज एवं हेरिटेज परिसम्पत्तियों पर मूलभूत अधोसंरचनाओं का विकास किया जायेगा ।

3.22 पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को सिंगल विंडो एजेंसी बनाया जायेगा जो निवेशकों को अनुमतियां/अनापत्ति आदि प्रदान कराने/ नवीनीकरण कराने का कार्य करेगा । निवेशकों को उपरोक्तानुसार अनुमति/अनापत्ति दिलाने/नवीनीकरण कराने हेतु व्यक्तिश: अनुसरण (Hand holding) प्रक्रिया अपनायी जायेगी ।

3.23 पर्यटन परियोजना की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिये अन्य विभागों के समन्वय से Ease of doing business की अवधारणा को अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा ।

3.24 हेरिटेज पर्यटन परियोजनाओं का प्रमाणीकरण पर्यटन विभाग द्वारा करने के संबंध में नियम एवं प्रक्रिया बनायी जायेगी तथा इस प्रमाणीकरण के आधार पर हेरिटेज होटल/नीति की कंडिका 6 में वर्णित पर्यटन परियोजनाओं को नीति में प्रावधित छूट/सुविधायें प्रदाय की जायेंगी ।

3.25 रोजगार एवं आजीविका के अवसरों के सृजन एवं समग्र पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ''ग्राम स्टे'', ''फार्म स्टे'' एवं ''बेड एण्ड ब्रेकफास्ट'' इकाईयों की स्थापना को नीति बनाकर प्रोत्साहित किया जाएगा । पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों तथा पंजीकृत स्व-सहायता समूहों को ग्राम स्टे स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ।

3.26 पर्यटक स्थलों को नि:शक्तजनों हेतु भ्रमण सुगम बनाया जायेगा।

3.27 होटल/रिसॉर्ट/वृहद पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना में बड़े ब्रांड्स को प्रोत्साहित करने के लिए सर्व संबंधितों (Stakeholders) से परामर्श कर पृथक नीति बनाई जाएगी।

4. मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड /मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम -

प्रदेश में पर्यटन नीति को क्रियान्वित करने के लिये मैदानी स्तर पर मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड/ मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड/ निगम की भूमिका निम्नानुसार होगी -

4.1 बोर्ड, पर्यटन सेवायें प्रदान करते हुये संपूर्ण प्रदेश में निजी निवेश से पर्यटन सेवाओं की स्थापना, विस्तार एवं विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा ।

4.2 निगम, यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों को संचालन हेतु प्रबंधकीय अनुबंध अथवा दीर्घ अवधि की लीज पर निजी क्षेत्र को सौंप सकेगा ।

4.3 पर्यटन उद्योग से जुड़े हितधारियों से संपर्क एवं समन्वय रखते हुये पर्यटन संवर्धन, प्रबंधन एवं संचालन संबंधी समस्या समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाये जायेंगे ।

4.4 पर्यटन संभावित अविकसित नवीन क्षेत्रों में निवेश कर पर्यटन परियोजनाएं स्थापित की जायेगी तथा निजी निवेश का मार्ग प्रशस्त कर निवेशकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

4.5 निगम, यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों का विस्तार करेगा एवं प्राप्त लाभ से नवीन क्षेत्रों का विकास करेगा ।

4.6 प्रदेश में सत्कार प्रशिक्षण, फूड क्राफ्ट, पर्यटन प्रबंधन आदि क्षेत्रों में उच्च शिक्षा एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों यथा मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड ट्रेनिंग, फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी आदि का यथा आवश्यक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा ।

4.7 भारत शासन, राज्य शासन एवं वित्तीय संस्थाओं से पर्यटन परियोजनाओं के लिये ऋण एवं अनुदान प्राप्त करने हेतु समस्त कार्यवाही करेगा ।

4.8 पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने, इन्वेस्टर्स फैसिलिटेशन निवेशकों को नीति अनुसार अनुदान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन परियोनाओं के आकल्पन, क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिये विभाग द्वारा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड में एक पृथक प्रभाग "निवेश संवर्धन एवं योजना प्रभाग" (Investment Promotion and Planning Division) का गठन किया जायेगा। इस प्रभाग हेतु विधिवत सेटअप का निर्धारण विभाग द्वारा किया जायेगा । प्रभाग में सेटअप अनुसार आवश्यक मानव संसाधन बोर्ड द्वारा पदस्थापित किये जायेंगे। इस प्रभाग को कार्यशील रखने के लिये आवश्यक वित्तीय संसाधन शासन द्वारा बोर्ड को पृथक से उपलब्ध करायें जायेंगे ।

5. पर्यटन परियोजनायें -

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न सुविधायें/छूट प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित गतिविधियों को पर्यटन परियोजना माना जायेगा। परियोजनाओं की परिभाषा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं के अनुसार अथवा पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

5.1 होटल (स्टार, डीलक्स एवं स्टैण्डर्ड श्रेणी)
5.2 हेल्थ फार्मस्/ रिसॉर्ट/हेल्थ एंड वेलनेस रिसॉर्टस्
5.3 रिसॉर्ट, केम्पिंग साइट एवं स्थायी टेंटिंग इकाईयां
5.4 मोटल एवं वेसाइड एमेनिटीज
5.5 हेरिटेज होटल
5.6 कन्वेंशन सेन्टर (MICE)
5.7 म्यूजियम/ एक्वेरियम/ थीम पार्कस्
5.8 बेड एण्ड ब्रेकफास्ट/होमस्टे इकाई
5.9 गोल्फ कोर्स
5.10 रोप-वे (Ropeway)
5.11 वाटर पार्क और वाटर स्पोर्टस
5.12 एम्यूजमेंट पार्क
5.13 केरेवॉन टूरिज्म
5.14 क्रूज टूरिज्म
5.15 हॉउस बोट
5.16 फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना
5.17 एडवेन्चर स्पोर्टस्
5.18 साउण्ड एण्ड लाइट शो/ लेजर शो

5.19 सी-प्लेन
5.20 एमफीबियन पर्यटन वाहन
5.21 एयरो स्पोर्टस एवं एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेंटर/एकेडमी
5.22 हेरिटेज कैफेटेरिया/ मोटल
5.23 वाईल्ड लाईफ रिसॉर्टस
5.24 ग्राम स्टे/ फॉर्म स्टे
5.25 अन्य पर्यटन संबंधी गतिविधियां जिन्हें केंद्र/राज्य शासन का पर्यटन विभाग अपनी नीति अंतर्गत अधिसूचित करे ।

6. पर्यटन परियोजनाओं हेतु अनुदान -

इस पर्यटन नीति की प्रभावशीलता अवधि में स्थापित होकर प्रारंभ होने वाली पात्र पर्यटन परियोजनाओं को उनके द्वारा किये गये स्थायी पूंजीगत व्यय पर निम्नानुसार श्रेणीवार पूंजीगत अनुदान की पात्रता होगी :-

क्र	अनुदान योजना	न्यूनतम पूँजीगत व्यय, जो विभाग द्वारा मान्य किया गया है (रुपये लाख में)	स्थायी पूंजीगत व्यय पर अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधिकतम सीमा (रूपये लाख में)	अन्य शर्तें
6.1	निजी स्वामित्व के हेरिटेज होटलों हेतु पूंजीगत अनुदान	300 लाख	15 प्रतिशत	200 लाख	
6.2	पर्यटन विभाग द्वारा लीज पर दी गई हेरिटेज सम्पत्तियों पर हेरिटेज होटल स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	
6.3	डीलक्स/ थ्री स्टार अथवा उच्च श्रेणी के नवीन होटल एवं रिसॉर्ट की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	किराये पर देने योग्य एयरकंडिशंड कक्षों की न्यूनतम संख्या 50 होना आवश्यक है।
6.4	स्टेण्डर्ड श्रेणी के नवीन होटल/मिनी रिसॉर्ट की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	200 लाख	15 प्रतिशत	50 लाख	किराये पर देने योग्य कक्षों की न्यूनतम संख्या होटल हेतु 25 एवं मिनी रिसॉर्ट हेतु 10 होना आवश्यक है।
6.5	नवीन रिसॉर्ट एवं वेलनेस सेंटर (आयुर्वेद योग, नेचरोपेथी चिकित्सा सुविधायुक्त रिसॉर्ट) की	500 लाख	15 प्रतिशत	200 लाख	भारत/ राज्य शासन द्वारा मान्य परिभाषा एवं मापदंडों/ मानकों के अनुसार इकाई की

	स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान				स्थापना आवश्यक है।
6.6	पूर्व स्थापित स्टार/ डीलक्स/ स्टेण्डर्ड श्रेणी के होटल/ रिसॉर्ट/ हेरिटेज होटल के विस्तार पर पूंजीगत अनुदान I	100 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	अनुदान हेतु पूर्व स्थापित इकाई में ऐसा विस्तार पात्र होगा, जिसमें आवासीय क्षमता पूर्वक्षमता से 50 प्रतिशत या अधिक बढ़ायी गयी हो।
6.7	MICE (meetings, incentives, conferences, exhibitions) अंतर्गत 500 या अधिक सीट क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर/कन्वेंशन सेंटर सह होटल की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	2000 लाख	15 प्रतिशत	1000 लाख	यह आवश्यक होगा कि परियोजना की स्थापना कन्वेंशन सेंटर हेतु भारत शासन पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों/ मानकों के अनुरूप की गयी हो। अकेले मुख्य कन्वेंशन हॉल की सीट क्षमता 500 या अधिक होना आवश्यक है।
6.8	फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु स्थायी अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना/ म्यूजियम, एक्वेरियम, थीम पार्क, स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	100 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	
6.9	एडवेंचर टूरिज्म, वाटर टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट्स, क्रूज/हाउस बोट, नौवहन अधोसंरचना, एम्यूजमेंट पार्क, वाटर पार्क, लाईट एंड साउंड शो/लेजर शो, कैम्पिंग गतिविधियों हेतु उपकरणों/टेंट की स्थापना/उपरोक्त गतिविधियों हेतु स्थायी सुविधाओं एवं अधोसंरचनाओं का निर्माण	05 लाख	15 प्रतिशत	300 लाख	स्थाई सुविधा/ अधोसंरचना से आशय, प्लेटफॉर्म/ जेट्टी/ उपकरण/ पार्किंग साइट/ बिजली सुविधा/ जल प्रदाय/ टॉयलेट आदि जन-सुविधाओं से है।
6.10	ग्रीन फील्ड/फ्रेंचाइजी माडल पर मार्ग सुविधा केन्द्र (डब्ल्यू.एस.ए.) की स्थापना जिसमें स्थायी पूंजीगत व्यय	25 लाख	15 प्रतिशत	50 लाख	विभाग की मार्ग सुविधा केन्द्र नीति 2016 के अनुरूप निर्धारित स्थानों/ प्रबंध संचालक एम.पी

	रूपये 25 लाख से अधिक हो।				टूरिज्म बोर्ड द्वारा मान्य स्थानों पर स्थापित एवं संचालित इकाईयों को पात्रता ।
6.11	पर्यटन विभाग से लीज पर ली गयी भूमि/ हेरिटेज परिसंपत्ति पर मूल अधोसंरचना यथा विद्युत प्रदाय, जलप्रदाय एवं सड़क सम्पर्क, सीवेज एवं जल मल निकासी अधोसंरचनाओं के निर्माण हेतु पूंजीगत अनुदान	50 लाख	25 प्रतिशत	300 लाख	
6.12	दुर्गम पर्यटन स्थलों/ वन पर्यटन क्षेत्रों में परिवहन हेतु रोप-वे अधोसंरचना का निर्माण	100 लाख	40 प्रतिशत	500 लाख	
6.13	सी-प्लेन, एमफीबियन पर्यटक वाहन एवं एयरो स्पोर्टस व एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेन्टर/एकेडमी की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	100 लाख	25 प्रतिशत	1000 लाख	एयरो स्पोर्टस एवं एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेन्टर/ एकेडमी की स्थापना उपरान्त अनुदान, गतिविधि के एक वर्ष तक संचालन के उपरान्त दिया जाएगा । सी-प्लेन एवं एमफीबियन पर्यटक वाहन को स्वीकृत अनुदान राशि का वितरण निम्नानुसार किया जाएगा - • गतिविधि प्रारंभ होने पर अनुदान राशि का 40 प्रतिशत, तदुपरांत संचालन के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष में स्वीकृत अनुदान राशि का 20% प्रत्येक वर्ष

उपरोक्त कंडिकाओं में उल्लेखित अन्य शर्तें एवं कंडिका क्रमांक 6.1 में हेरिटेज परिसंपति प्रमाणीकरण गाइडलाइन, प्रक्रिया एवं शर्तों का निर्धारण तथा समय-समय पर इनमें आवश्यक संशोधन हेतु मध्य प्रदेश शासन, पर्यटन विभाग अधिकृत होगा ।

6.14 प्रदेश के लोगों को रोजगार -

प्रदेश में स्थापित होने वाली नवीन डीलक्स एवं स्टैण्डर्ड श्रेणी की होटल्स को पूंजीगत अनुदान पात्रता प्राप्त करने के लिए प्रदेश के लोगों को होटल में प्रदाय कुल रोजगार का 70 प्रतिशत रोजगार देना आवश्यक होगा ।

6.15 वाईल्ड लाइफ रिसॉर्ट हेतु विशेष अनुदान -

प्रदेश के अधिसूचित नेशनल पार्क, टाईगर रिजर्व एवं अभ्यारण्य की सीमा में स्थापित होने वाले वाईल्ड लाइफ रिसॉर्टस को पूंजीगत अनुदान की पात्रता के शर्तों के निर्धारण हेतु मध्य प्रदेश शासन, पर्यटन विभाग अधिकृत होगा ।

वाइल्ड लाइफ रिसॉर्टस् हेतु विशेष अनुदान

वन क्षेत्र की श्रेणी	वन क्षेत्र का नाम	न्यूनतम पूँजीगत व्यय, जो विभाग द्वारा मान्य किया गया है	न्यूनतम कक्षों की संख्या	पूंजीगत अनुदान	पूंजीगत अनुदान की अधिकतम सीमा
अ	कान्हा, बांधवगढ़, पेंच टाईगर रिजर्व, रातापानी टाईगर रिजर्व एवं इनकी सीमाओं से लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य ।	रू. 5.00 करोड़	10	20%	रू. 1.00 करोड़
ब	पन्ना एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व एवं इनकी सीमाओं से लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य	रू. 3.00 करोड़	07	20%	रू. 2.00 करोड़
स	संजय डुबरी टाईगर रिजर्व, कूनो राष्ट्रीय उद्यान, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व, माधव राष्ट्रीय उद्यान, गांधीसागर व् अन्य संरक्षित क्षेत्र और इससे लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य तथा उपरोक्त ''अ'' एवं ''ब'' श्रेणी में आने वाले वन क्षेत्रों को छोड़कर प्रदेश के अन्य समस्त नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य। उपरोक्त 'अ' एवं 'ब' श्रेणी में वर्णित वन क्षेत्रों के नये प्रवेश मार्ग (सफारी गेटस्) को 'स' श्रेणी में मान्य किया जाएगा।	रू. 1.00 करोड़	05	20%	रू. 3.00 करोड़

6.16 दूरस्थ/दुर्गम नवीन क्षेत्रों में पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर अतिरिक्त अनुदान

प्रदेश में दूरस्थ/दुर्गम नवीन स्थलों पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर 5% अतिरिक्त लागत पूंजीगत अनुदान दिया जायेगा। इन क्षेत्रों में पर्यटन परियोजनाओं में न्यूनतम निवेश की पर्यटन नीति में निर्धारित सीमा से 50% कम न्यूनतम पूंजी निवेश मान्य किया जायेगा तथा होटल/रिसॉर्टस के प्रकरणों में आवास कक्षों की संख्या भी न्यूनतम से आधी मान्य होगी। ऐसे क्षेत्रों में स्थापित पर्यटन परियोजनाओं को अनुदान के प्रकरण में अनुदान हेतु नियत अधिकतम सीमा का बंधन नहीं होगा ।

उपरोक्त अतिरिक्त अनुदान सुविधाओं की पात्रता शर्तों एवं प्रदेश में दूरस्थ/दुर्गम नवीन स्थलों को परिभाषित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन, पर्यटन विभाग अधिकृत होगा ।

6.17 विद्यमान होटल के जीर्णोद्धार/ आधुनिकीकरण कर अपग्रेडेशन हेतु पूंजीगत अनुदान –

अ. वर्तमान स्टेंडर्ड श्रेणी के होटल एवं मिनी रिसॉर्ट के जीर्णोद्धार/ आधुनिकीकरण एवं अपग्रेडेशन कर स्थापित किये जाने वाले डीलक्स होटल (न्यूनतम कुल 50 कमरे), रिसॉर्ट (न्यूनतम कुल 20 कमरे) को नवीन इकाई को नीति में दी गई पात्रता अनुसार संबंधित श्रेणी में अनुदान की पात्रता होगी।
अनुदान पात्रता हेतु न्यूनतम रू. 10.00 करोड़ का नवीन पूंजी निवेश आवश्यक होगा ।

ब. विद्यमान डीलक्स श्रेणी के होटल एवं रिसॉर्ट के जीर्णोद्धार/आधुनिकीकरण एवं अपग्रेडेशन कर स्थापित किए जाने वाले 4 स्टार अथवा इससे अधिक उच्च श्रेणी के होटल (न्यूनतम कुल 75 कक्ष) अथवा रिसॉर्ट को (न्यूनतम कुल 25 कक्ष) नीति में संबंधित श्रेणी की नवीन इकाई को दी पात्रता अनुसार अनुदान पात्रता होगी । इस हेतु न्यूनतम रू. 25.00 करोड़ नवीन पूंजी निवेश आवश्यक होगा ।

स. ऐसी इकाईयों को उसी पूंजी निवेश पर अनुदान पात्रता होगी जो इस नीति के लागू होने के दिनांक के उपरांत किया गया हो ।

6.18 अनुदान प्राप्त इकाई का निरंतर संचालन -

(i) पर्यटन नीति के अंतर्गत पूंजीगत अनुदान व अन्य कोई अनुदान प्राप्त इकाई के लिये यह आवश्यक होगा कि वह ऐसा अनुदान प्राप्त करने के दिनांक से 03 वर्षों के लिये निरंतर संचालित रखी जाये । ऐसी इकाईयों को अनुदान प्राप्त करने के उपरांत यह आवश्यक होगा कि वे प्रति वर्ष 15 अप्रैल तक अपने कार्यरत रहने के प्रमाण में स्व प्रमाणित घोषणा पत्र (Self-declaration) प्रस्तुत करें ।
उपरोक्त अनुसार पालन न होने पर इकाई को निम्नानुसार अनुदान राशि विभाग को लौटानी होगी –

अ/ अनुदान प्राप्ति के एक वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 80% (अनुदान) राशि ।

ब/ अनुदान प्राप्ति के 02 वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 60% (अनुदान) राशि ।

स/ अनुदान प्राप्ति के 03 वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 50% (अनुदान) राशि ।

(ii) पूंजीगत अनुदान हेतु पात्र इकाई को इकाई प्रारंभ करने के दिनांक से 01 वर्ष के भीतर आवेदन करना आवश्यक होगा।

(iii) पूंजीगत अनुदान हेतु इकाई प्रारंभ होने के अधिकतम 03 वर्ष पूर्व किया निवेश ही अनुदान गणना हेतु मान्य किया जायेगा ।

6.19 वृहद/मेगा एवं अल्ट्रा मेगा पर्यटन परियोजनाओं को निवेश प्रोत्साहन सहायता –

वृहद/मेगा एवं अल्ट्रा मेगा पर्यटन परियोजनाओं को उनकी श्रेणी अनुसार निम्नानुसार निवेश प्रोत्साहन सहायता की पात्रता होगी :-

परियोजना श्रेणी	न्यूनतम पूँजीगत व्यय, जो विभाग द्वारा मान्य किया गया है	परियोजना श्रेणी हेतु न्यूनतम (प्रदेश के लोगों को) रोजगार	इकाई द्वारा किये स्थाई पूंजी निवेश पर निवेश प्रोत्साहन सहायता का प्रतिशत	निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि की अधिकतम सीमा	वर्षवार निवेश सहायता राशि भुगतान का प्रतिशत			
					प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष	चतुर्थ वर्ष
वृहद	रू. 10 करोड़ अथवा उससे अधिक	50	30%	15 करोड़	10%	10%	5%	5%
मेगा	रू. 50 करोड़ अथवा उससे अधिक	100	30%	30 करोड़	10%	10%	5%	5%
अल्ट्रा मेगा	रू. 100 करोड़ अथवा उससे अधिक	200	30%	90 करोड़	10%	10%	5%	5%

हेरिटेज होटल स्थापना हेतु न्यूनतम निवेश की सीमा उपरोक्त श्रेणियों में निर्धारित न्यूनतम निवेश का 50% होगी तथा प्रदेश के लोगों को रोजगार की न्यूनतम संख्या उपरोक्त श्रेणियों में निर्धारित संख्या का 50% होगी ।

निवेश प्रोत्साहन सहायता प्राप्तकर्ता इकाई को किसी भी श्रेणी में नीति में प्रावधित लागत पूंजी अनुदान की पात्रता नहीं होगी ।

6.20 उत्तरदायी पर्यटन हेतु अनुदान –

(i) पर्यटन परियोजनाओं को ईको टूरिज्म सोसायटी ऑफ इंडिया से ईको फ्रेंडली इकाई का प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर किये गये व्यय की 100%, अधिकतम रूपये 01 लाख तक प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी ।

(ii) नवीन/विद्धमान पर्यटन परियोजनाओं द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मंडल के मापदंडों के अनुसार प्रदूषण उपचार संयंत्र की स्थापना पर किए पूंजी निवेश पर 25% की दर से अधिकतम रूपये 50 लाख तक के अनुदान पात्रता होगी, बशर्ते ऐसे संयंत्र की स्थापना लागत रूपये 10 लाख से अधिक हो ।

6.21 अनुसूचित जनजाति / जाति के उद्धमियों को विशेष अनुदान –

अजजा/अजा श्रेणी के उद्धमियों द्वारा उनके शत प्रतिशत स्वामित्व में स्थापित की गई पर्यटन परियोजनाओं को 5% अतिरिक्त लागत पूंजी अनुदान की पात्रता होगी ।

6.22 हेरिटेज/वृहद/मेगा/अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को चरणबद्ध छूट एवं अनुदान सुविधा-

हेरिटेज/वृहद/मेगा/अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को पूर्व अनुमोदित क्रियान्वयन योजना अनुसार गतिविधियां प्रारंभ करने पर चरणवार निवेश पर अनुदान/छूट प्राप्त करने की सुविधा होगी । चरणबद्ध अनुदान/छूट प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक होगा कि प्रथम चरण अधिकतम 02 वर्ष में, द्वितीय चरण अधिकतम 03 वर्ष में एवं अंतिम चरण

अधिकतम 05 वर्ष में पूर्ण कर लिया गया हो । इकाई को पूरी परियोजना हेतु निर्धारित पात्रता की सीमा तक ही यह लाभ प्राप्त होगा ।

इस श्रेणी के अंतर्गत यदि इकाई सम्पूर्ण परियोजना का क्रियान्वयन एवं संचालन एक मुश्त करती है तो पूँजीगत अनुदान हेतु इकाई प्रारंभ होने के अधिकतम 05 वर्ष पूर्व किया गया पूँजीगत व्यय (जो विभाग द्वारा मान्य किया गया है) ही अनुदान गणना हेतु मान्य किया जायेगा ।

6.23 विभिन्न अनुदान सुविधाओं के लिए वही पूंजीगत निवेश मान्य होगा जो पूंजी अनुदान हेतु अंतिम रूप से मान्य किया गया हो । तदनुसार परियोजना के अनुदान की पात्रता एवं परियोजना श्रेणी का निर्धारण किया जायेगा ।

6.24 यदि इकाई एकाधिक श्रेणियों में छूट/अनुदान की पात्रता रखती है तो उसे कौन-कौन सी श्रेणियों में पात्रता लेनी है, का विकल्प चयन करने की स्वतंत्रता होगी । दो समान छूट/अनुदान सुविधाओं में से एक का ही चयन किया जा सकेगा । उदाहरणार्थ यदि इकाई को पूंजीगत अनुदान की पात्रता सामान्य इकाईयों की पात्रता एवं विशेष इकाईयों की पात्रता दोनों के अंतर्गत है तो चयन अनुसार एक ही श्रेणी की पात्रता होगी।

6.25

(i) पर्यटन इकाईयों को राष्ट्र स्तरीय मार्केटिंग आयोजनों में भाग लेने पर स्थल/स्टॉल स्थापना व्यय पर 50% सहायता राशि जो अधिकतम रूपये 01 लाख तक होगी, की पात्रता होगी ।

(ii) पर्यटन इकाईयों को अंतर्राष्ट्रीय मार्केटिंग आयोजनों में भाग लेने पर स्थल/स्टॉल स्थापना व्यय एवं 01 व्यक्ति हेतु इकनोमी श्रेणी के हवाई यात्रा व्यय पर 50% सहायता राशि जो अधिकतम रूपये 02 लाख तक, की पात्रता होगी ।

(iii) किसी इकाई को प्रतिवर्ष उपरोक्त अधिकतम चार आयोजनों में भाग लेने पर सहायता की पात्रता होगी ।

(iv) कल्चरल/ फूड /पारंपरिक वस्त्र / हस्तशिल्प गतिविधियों में संलग्न पंजीकृत/ प्रमाणित स्व-सहायता समूहों/मंडलों एवं पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने पर आये व्यय (स्थल/स्टॉल किराया एवं 02 व्यक्तियों के एसी-2 श्रेणी का रेल किराया /01 व्यक्ति का इकनोमी श्रेणी का हवाई किराया) पर 100% सहायता राशि अधिकतम रूपये 01 लाख तक, की पात्रता होगी ।

6.26 हॉट एयर बैलून संचालन हेतु विशेष अनुदान -

एडवेंचर टूरिज्म हेतु हॉट एयर बैलून गतिविधि संचालन पर भूमि मूल्य छोड़कर शेष परियोजना व्यय पर 50% पूंजीगत अनुदान देय होगा । परियोजना स्थापना हेतु न्यूनतम रूपये 50 लाख का व्यय आवश्यक होगा । अनुदान राशि वर्षवार निम्नानुसार वितरित की जायेगी :-

- प्रथम वर्ष गतिविधि स्थापना पर – 15%
- द्वितीय वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%
- तृतीय वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%

- चतुर्थ वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%
- पंचम वर्ष गतिविधि संचालन पर – 05%

6.27 पर्यटन विभाग की निवर्तित भूमियों/परिसंपत्तियों पर पर्यटन परियोजना स्थापना हेतु अनुदान पात्रता की प्रभावशीलता –

इस नीति की प्रभावशीलता अवधि में पर्यटन विभाग द्वारा निवेशकों को आवंटित भूमियों/परिसंपत्तियों पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु इस नीति में प्रचलित प्रावधानों को पर्यटन नीति की प्रभावशीलता अवधि समाप्त होने के बाद भी नीति में प्रावधित अनुदान प्राप्त करने की पात्रता होगी, बशर्ते निवेशक द्वारा भूमि का अधिपत्य प्राप्त कर निष्पादित लीज डीड की शर्तों के अनुसार तय समयावधि में परियोजना स्थापित कर ली गई हो ।

6.28 पर्यटन विभाग की विद्यमान परिसंपत्तियों के अतिरिक्त नवीन पर्यटन परियोजना स्थापना पर किये गये व्यय पर लागत पूंजी अनुदान –

निवेशक द्वारा पर्यटन निगम की लीज/प्रबंधकीय अनुबंध/लायसेंस पर दी गई इकाईयाँ/बोर्ड द्वारा लीज पर आवंटित भूमियों/ब्राउन/ग्रीन फील्ड मार्ग सुविधा केन्द्रों में उपलब्ध अतिक्ति भूमि पर नवीन पर्यटन परियोजना स्थापना पर यदि रूपये 1.00 करोड़ या अधिक का नया पूंजी निवेश किया जाता है तो ऐसी इकाई को नीति में वर्णित अनुदान पात्रता श्रेणी अनुसार नये निवेश पर पूंजीगत अनुदान की पात्रता होगी।

6.29 इलेक्ट्रिक क्रूज को प्रोत्साहित करने हेतु मान्य परियोजना व्यय पर 5% का अतिरिक्त पूंजीगत अनुदान नीति के सुसंगत प्रावधानों के अध्यधीन देय होगा ।

6.30 गोल्फ टूरिज्म हेतु पर्यटन विभाग द्वारा आवंटित भूमि में से अधिकतम 10 प्रतिशत भूमि का व्यवसायिक उपयोग करने की अनुमति निवेशक को गुण दोष के आधार पर साधिकार समिति द्वारा दी जा सकेगी । व्यवसायिक उपयोग हेतु निर्मित स्थल/अधोसंरचना को निवेशक द्वारा लीज अवधि की सीमा के अंतर्गत सब-लीज पर निवर्तित किया जा सकेगा । सब-लीज की शर्तें तय करने के लिए पर्यटन विभाग अधिकृत होगा ।

a) गोल्फ टूरिज्म को प्रोत्साहित करने हेतु नीति की कंडिका 6.19 अनुसार पूंजीगत अनुदान की पात्रता होगी | नीति में उल्लेखित पर्यटन परियोजनाओं के अलावा किसी अन्य व्यवसायिक उपयोग पर किये जाने वाला व्यय अनुदान हेतु मान्य नहीं होगा |

b) गोल्फ टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल अंतर्गत पृथक से परियोजना तैयार कर निजी निवेश को बढ़ावा दिया जायेगा ।

7. वीक एण्ड टूरिज्म को बढ़ावा देना -

प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों के पर्यटकों को प्रोत्साहित करने एवं 'वीक एण्ड टूरिज्म' को बढ़ावा देने के लिये पर्यटकों के अपेक्षानुरूप पर्यटक सुविधाओं का उन्नयन एवं वृद्धि हेतु जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) को संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे ।

8. पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में छूट-

8.1 निजी भूमि पर हेरिटेज पर्यटक परियोजनाओं की स्थापना के लिये प्रश्नाधीन हेरिटेज भवन के निर्मित क्षेत्रफल तथा उससे लगी अधिकतम एक हेक्टेयर भूमि के मूल्य पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। यदि भवन के साथ एक हेक्टेयर से अधिक भूमि हो तो उस अतिरिक्त भू-भाग पर नियमानुसार पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय होगा। पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क की छूट की राशि होटल प्रारंभ होने के बाद पर्यटन विभाग द्वारा होटल स्वामी को प्रतिपूर्ति के रूप में दी जावेगी ।

8.2 पर्यटन विभाग द्वारा जो शासकीय भूमि (लैंड-पार्सल, हेरिटेज प्रॉपर्टी के साथ की अनुषांगिक भूमि, मार्ग सुविधा केन्द्र की भूमि) एवं पर्यटन विभाग की संपत्तियाँ, पर्यटन परियोजनाओं के लिये लीज/विकास अनुबंध/ प्रबंधकीय अनुबंध/लाइसेंस आदि पर दिये जाने पर निष्पादित एवं पंजीकृत अनुबंधों पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय नहीं होगा ।

8.3 विद्यमान कंडिका क्र. 8.2 में दी गयी मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा छूट उपलब्ध कराने की वर्तमान नीति में परिवर्तन की दशा में इसकी प्रतिपूर्ति निवेशक को विभाग द्वारा की जायेगी ।

9. निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों का आवंटन -

9.1 पर्यटन उद्देश्यों की पूर्ति एवं निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये पर्यटन विभाग को शासकीय भूमि/हेरिटेज परिसंपत्ति नि:शुल्क आवंटित कर अंतरित की जायेगी ।

9.2 उपरोक्त अंतरित भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों के निवर्तन हेतु पर्यटन विभाग की ओर से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड अधिकृत होगा ।

9.3 चिन्हित शासकीय भूमियों/भूमि जिस पर परिसंपत्तियां निर्मित है एवं जो पर्यटन विभाग को हस्तांतरित है अथवा की जायेगी, को 90 अथवा 30 वर्ष की लीज पर देने, 5 से 30 वर्ष के लिए लाइसेंस पर देने अथवा विकास/प्रबंधकीय अनुबंध के माध्यम से विकसित करने के संबंध में अंतिम निर्णय पर्यटन विभाग द्वारा लिया जायेगा ।

9.4 निवर्तन हेतु नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत) क्षेत्रों में एवं प्लान एरिया में भूमि का आरक्षित मूल्य रूपये 10.00 लाख प्रति हेक्टेयर एवं उपरोक्त के अलावा अन्य क्षेत्रों में रूपये 5.00 लाख प्रति हेक्टेयर होगा ।

9.5 हेरिटेज महत्व के भवनों एवं उससे लगी आनुषांगिक भूमि के निवर्तन हेतु आरक्षित मूल्य रूपये 1.00 लाख होगा। निवर्तन हेतु ऐसे हेरिटेज भवनों एवं आनुषांगिक भूमि का चिन्हांकन एवं चयन इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जायेगा ।

9.6 नीति के अंतर्गत भूमियों एवं हेरिटेज परिसंपत्तियों का निवर्तन खुली निविदा पद्धति से किया जायेगा एवं आरक्षित मूल्य पर सर्वाधिक मूल्य के प्रस्ताव को आवंटन हेतु चुना जायेगा ।

9.7 उपरोक्तानुसार प्राप्त अधिकतम मूल्य की राशि एकमुश्त प्रीमियम के रूप में देय होगी तथा इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष इस प्रीमियम राशि के एक प्रतिशत के बराबर राशि लीज रेंट के रूप मे देय होगी ।

9.8 लीज पर दी गई भूमियों से प्राप्त होने वाली निविदा राशि (प्रीमियम) एवं वार्षिक लीज रेंट की राशि, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा शासन से प्राप्त राशि के रूप मे पृथक मद "शासकीय भूमियों का निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास" में रखी जायेगी। यह राशि भूमियों के सर्वे, हस्तांतरण, निविदा प्रक्रिया, विद्युत/सड़क/जल प्रदाय, ऐरिया प्लानिंग, ऐरिया डेवलपमेंट, परिसंपत्तियों की सुरक्षा व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा व्यय की जा सकेगी। इस राशि के व्यय के संबंध में पर्यटन विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये जायेंगे ।

9.9 पर्यटन विभाग को हस्तांतरित शासकीय भूमियां/ भूमियां जिन पर परिसंपत्तियां (यथा हेरिटेज परिसंपत्ति आदि) का निजी निवेशकों को पर्यटन परियोजना स्थापना हेतु निवर्तन, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा किया जायेगा । नीति अनुसार निवर्तन की प्रक्रिया निर्धारण, नियम, पात्रता मूल्याङ्कन पत्र आदि प्रपत्रों के निर्धारण हेतु मध्य प्रदेश शासन, पर्यटन विभाग अधिकृत होगा |

9.10 एक हेक्टेयर तक की भूमियों एवं मार्ग सुविधा केन्द्रों की निविदा शर्तों को इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा कि नवीन उद्धमियों एवं प्रदेश की प्रचलित स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप उद्धमियों तथा आजीविका मिशन द्वारा प्रोत्साहित महिला स्व सहायता समूह, समूहों के संकुल स्तरीय संगठन, किसान उत्पादक कंपनी एवं महिला उद्यमियों/सामूहिक महिला उद्यमियों को निविदाओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो।

9.11 पर्यटन विभाग द्वारा निजी निवेशकों को लीज पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु दी गई हेरिटेज परिसम्पत्तियों पर परियोजना स्थापना हेतु प्रथमत: 05 वर्ष की समयावधि दी जायेगी जिसे औचित्यपूर्ण कारणों से आगामी 02 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

9.12 अल्ट्रा मेगा परियोजना हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व/पर्यटन विभाग के लैंड बैंक में से प्रस्तावक द्वारा चिन्हित ग्रामीण क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि निवेशक को उस भूमि से संलग्न/निकटस्थ क्षेत्र में असिंचित कृषि भूमि के लिये निर्धारित कलेक्टर गाइड लाइन के तत्समय प्रचलित रेट अथवा पर्यटन नीति में भूमि निविदा हेतु निर्धारित आरक्षित मूल्य जो भी अधिक हो पर 90 वर्ष की लीज पर 1% वार्षिक लीज रेंट पर आवंटित किया जा सकेगा । प्रत्येक 30 वर्ष के उपरांत लीज रेंट में 6 गुना वृद्धि की जायेगी । यदि प्रस्तावक द्वारा राजस्व विभाग की शासकीय भूमि के लैंड बैंक की भूमि चिन्हित की जाती है तो ऐसी भूमि प्रथमत: पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जायेगी । यह आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जायेगा । ऐसे प्रस्ताव का अनुमोदन पर्यटन नीति अंतर्गत गठित साधिकार समिति द्वारा किया जायेगा ।

9.13 अ. मार्ग सुविधा केन्द्र को आवंटित भूमि सड़क निर्माण, अतिक्रमण या अन्य शासकीय निर्माण आदि के कारण कम हो जाती है तो ऐसी भूमि से लगी हुई शासकीय भूमि उपलब्ध होने पर समतुल्य मूल्य की भूमि का हस्तांतरण पर्यटन विभाग को कराया जाकर कम हुई भूमि के बदले प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड द्वारा अनुबंधी को सीधे आवंटित किया जायेगा ।

ब. मार्ग सुविधा केन्द्र संचालक द्वारा उसे आवंटित भूमि से लगी शासकीय भूमि पर रूपये 1.00 करोड़ या उससे अधिक पूंजी लागत से पर्यटन परियोजना की स्थापना प्रस्तावित किया जाता है तो ऐसी शासकीय भूमि का पर्यटन विभाग को हस्तांतरण कराया जाकर अधिकतम एक हेक्टेयर तक भूमि तत्समय उस स्थल के प्रचलित कलेक्टर गाइड लाइन रेट पर मार्ग सुविधा केन्द्र संचालक को प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड द्वारा सीधे आवंटित किया जा सकेगा।

9.14 प्रदेश की शासकीय विभागों की परिसंपत्तियों में पर्यटन परियोजना की स्थापना -

नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत आने वाले विभागों की आनुषांगिक भूमि सहित परिसंपत्तियों यथा रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस, डॉक बंगला, सर्किट हाऊस आदि में पर्यटन संभाव्यता की दृष्टि से पर्यटन परियोजना की स्थापना एवं संचालन हेतु पर्यटन विभाग अधिकृत होगा।

इन आनुषांगिक भूमि सहित परिसंपत्तियों को पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित विभाग से हस्तांतरित करायी जाकर निजी निवेशकों को पर्यटन परियोजना की संभाव्यता के आधार पर पर्यटन विभाग की संबंधित नीति एवं प्रक्रिया अनुसार आवंटित की जायेगी ।

पर्यटन विभाग को हस्तांतरित इन भूमि सहित परिसंपत्तियों में यदि वेलनेस/ थीमपार्क/होटल /रिसॉर्ट/एम्यूजमेंट पार्क आदि जैसी पर्यटन परियोजना स्थापना की संभाव्यता होती है तो भूमि सहित परिसंपत्ति के निवर्तन हेतु आरक्षित मूल्य, भूमि का तत्समय प्रचलित कलेक्टर गाइड लाइन रेट का 50 प्रतिशत एवं रजिस्टर्ड मूल्यांकनकर्ता व्यक्ति/संस्था द्वारा भवन के मूल्यांकन का शत-प्रतिशत दर, को जोड़कर निर्धारित होगा । उक्त परिसंपत्ति का निवर्तन मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग द्वारा जारी निवर्तन की प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा ।

10. ईको तथा साहसिक पर्यटन -

10.1 वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत अधिसूचित अभ्यारण्य अथवा राष्ट्रीय उद्यान में सम्मिलित वन क्षेत्र को छोडकर संपूर्ण राज्य के वन क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा निर्धारित "म०प्र० वन (मनोरंजन एवं वन्य प्राणी अनुभव) नियम-2015'' के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों का संचालन किया जायेगा । इसके अंतर्गत निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं वन विभाग के संबंधित उपक्रमों द्वारा संयुक्त रूप से पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित कर समुचित प्रयास किए जाएँगे ।

वन क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन में समस्त प्रचलित एवं सुसंगत वन अधिनियमों/ नियमों का परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

10.2 कंडिका 10.1 में वर्णित अधिसूचित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य संभावित स्थानों पर भी ईको एडवेंचर पर्यटन से संबंधित गतिविधियों एवं उनका स्वरूप निर्धारण करने के लिये पर्यटन विभाग अधिकृत होगा। किसी भी स्थल पर संचालित होने वाली गतिविधियों का निर्धारण स्थानीय संभावनाओं (Potential)/ आवश्यकता के अनुरूप किया जा सकेगा । इसमें कैम्पिंग, ट्रेकिंग, एंगलिंग, जलक्रीड़ा, एलिफेन्ट सफारी, सायकल सफारी, राइडिंग ट्रेल, फोटो सफारी, केनोईंग सफारी, व्हाइट वाटर राफ्टिंग, रॉक क्लाईबिंग/

माउण्टेनीयरिंग, पैरा-सेलिंग/पैरा ग्लाइडिंग, हॉट एयर बलूनिंग आदि गतिविधियां शामिल की जा सकेंगी ।

10.3 ईको/साहसिक पर्यटन में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये पर्यटन विभाग भूमि लीज पर अथवा लायसेन्स पर दे सकेगा ।

10.4 ईको/साहसिक पर्यटन हेतु भूमि लीज पर देने हेतु इस नीति की कंडिका 9 अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

10.5 यदि भूमि पर कोई व्यापक या स्थायी स्वरूप का निर्माण आवश्यक नहीं है तो ऐसी भूमि लायसेंस पर भी दी जा सकेगी ।

10.6 सामान्यतः लायसेंस पर दिये जाने के पूर्व भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जावेगी । परंतु जहां ऐसा संभव नहीं हो, वहां उसे भूमि का स्वामित्व धारण करने वाले विभाग की सहमति (ऐसी शर्तों के साथ, जो वह विभाग निर्धारित करे) प्राप्त कर लायसेंस दिया जा सकेगा ।

10.7 भूमि को लायसेंस पर दिये जाने के लिये लायसेंस की अवधि, शर्तें तथा फीस का निर्धारण, इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जाएगा । लायसेंस की अवधि सामान्यतः 5 वर्ष से कम तथा 15 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

10.8 एक ही स्थान पर या एक से अधिक गतिविधियों के लिये विभिन्न आवेदकों को लायसेंस दिया जा सकेगा ।

10.9 ईको/साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लायसेंस देने की प्रक्रिया आदि हेतु पर्यटन विभाग विस्तृत दिशा निर्देश तय करेगा ।

10.10 ग्रामीण एवं कृषि पर्यटन को बेहतर अधोसंरचनात्मक सुविधायें विकसित कर बढ़ावा दिया जायेगा एवं सशक्त बनाया जायेगा ।

